# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12-10-25 | 4 | 7-8 |

## हकृवि में कृषि महाविद्यालय की ओल्ड आई.ए.टी.टी.ई. बिल्डिंग का हुआ नवीनीकरण



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज नवीनीकृत भवन का उद्घाटन करते हुए।*

हिसार, 11 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में ओल्ड आई.ए.टी.टी.ई. बिल्डिंग का नवीनीकरण करके कृषि महाविद्यालय के विस्तार खंड के रूप में तैयार किया गया है। इस दो मंजिलें भवन का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उद्घाटन किया। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया की इस दो मंजिलें भवन में एम.बी.ए. के अलावा पौध प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग के चारा अनुभाग तथा औषधीय सुगंधित एवं क्षमतावान अनुभाग के कार्यालय स्थित हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12-10-25 | 5 | 1-2 |

## कृषि कॉलेज की आईएटीटीईई बिल्डिंग का हुआ नवीनीकरण



**हिसार** | हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में ओल्ड आईएटीटीईई बिल्डिंग का नवीनीकरण कर कृषि महाविद्यालय के विस्तार खंड के रूप में तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस दो मंजिलें भवन का एचएयू के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने उद्घाटन किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस दो मंजिलें भवन में एमबीए के अलावा पौध प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग के चारा अनुभाग तथा औषधीय सुगंधित एवं क्षमतावान अनुभाग के कार्यालय स्थित हैं। उपरोक्त विभागों के सभी कार्यालयों में निर्धारित मापदंडों के अनुसार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। इसमें लेक्चर हॉल में बड़े साइज की एलईडी और वातानुकूलित की सुविधा है। इस बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एचओडी रूम, फैकल्टी रूम, लेक्चर हॉल, सेमिनार हॉल, कंप्यूटर रूम, कमेटी रूम, गर्ल्स कॉमन रूम तथा प्रथम तल पर एचओडी रूम, फैकल्टी रूम, मॉडयूलर लैब फॉर मैप सेक्शन व लैब फॉर फोरेज सेक्शन सहित अन्य सुविधाएं दी गई हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12-10-23 | 4 | 1-2 |

# हकृवि में आइएटीटीई बिल्डिंग का कुलपति ने किया उद्घाटन



कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज नवीनीकृत भवन का उद्घाटन करते हुए • विज्ञप्ति

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय परिसर में ओल्ड आईएटीटीई बिल्डिंग का नवीनीकरण करके कृषि महाविद्यालय के विस्तार खंड के रूप में तैयार किया गया है। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस दो मंजिलें भवन का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने उद्घाटन किया।

कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया की इस दो मंजिलें भवन में एमबीए के अलावा पौध प्रजनन एवं आनुवंशिकी विभाग के चारा अनुभाग तथा औषधीय सुगंधित एवं क्षमतावान अनुभाग के कार्यालय स्थित हैं। उपरोक्त विभागों के सभी कार्यालयों में निर्धारित मापदंडों के अनुसार सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं जिसमें लेक्चर हाल में बड़े साइज की एलईडी और वातानुकूलित की सुविधा उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों एवं वैज्ञानिकों के लिए लैब में भी नवीनतम तकनीकों के समुचित प्रबंध किए गए हैं ताकि नए शोध कार्यों को गति प्रदान की जा सके। इस बिल्डिंग में ग्राउंड फ्लोर पर स्थित एचओडी रूम, फैकल्टी रूम, लेक्चर हाल, सेमिनार हाल, कंप्यूटर रूम, कमेटी रूम, गर्ल्स कॉमन रूम तथा प्रथम तल पर एचओडी रूम, फैकल्टी रूम, मोडयूलर लैब फार मैप सेक्शन व लैब फार फोरेज सेक्शन सहित अन्य सुविधाएं दी गई हैं।

इस अवसर पर कुलसचिव सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।